# बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय, तोशाम (भिवानी)


## राज्य स्तरीय इतिहास प्रदर्शनी का समापन समारोह आयोजित हुआ।

------------------------------

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला तथा इतिहास एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से स्थानीय बनवारी लाल जिन्दल सूईवाला महाविद्‌यालय, तोशाम मे "युग-युगों से हरियाणा" विषय पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर श्री अश्वनी कुमार ने बताया कि दो दिवसीय प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बडगुजर जी, अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा सरकार आये उनके साथ पुलिस उप-अधीक्षक श्री दलीप सिहं भी आये।

मचं संचालन प्रो.श्याम वशिष्ठ द्‌वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम सुभाष जयन्ती होने के कारण उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी का ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन होने से समाज को हरियाणा के इतिहास व संस्कृति की जानकारी मिलेगी। प्राचार्य डा.राकेश कुमार भारद्‌वाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो.अश्वनी कुमार ने बताया कि इस दो दिवसीप प्रदर्शनी में क्षेत्र के विभिन्न विद्‌यालयों तथा महाविधालयों के 1800 विद्‌यार्थियों ने प्रर्दशनी का अवलोकन किया तथा हरियाणा के इतिहास व संस्कृतिक के बारे में जानकारी प्राप्त की। समापन समारोह के अंत में प्राचार्य जी हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति विभाग तथा अतिथियों व प्रदर्शनी के सफल प्रबंध के लिए विभाग के कर्मचारियों का धन्यवाद किया। इस दौरान महाविद्‌यालय ट्रस्टी एडवोकेट देवेन्द्र देव शर्मा, निर्देशक डा.विपुल शर्मा,प्रो. श्याम वशिष्ठ,प्रो. यशपाल महता, डा.जोगेन्द्र कुमार, डा.महेन्द्र सिहं, डा.सुरेश कुमार, श्री रत्न सिहं, श्री जसवंत सिंह, श्री संजय गुप्ता, श्री पुष्करदत्त शर्मा, श्री सुनील कुमार, श्री श्यामवीर, श्री पंकज कुमार, श्री पवन कौशिक, श्री अमित भोलाण आदि अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्‌यालय के ट्रस्टी एडवोकेट देवेन्द्र देव शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इतिहास विभाग को बधाई दी तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए प्रेरित किया।


इतिहास एव
के
राज्य
बनवारी लाल




हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (पंचकूला)
इतिहास एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, कुरुक्षेत्र
के सौजन्य से


हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (पंचकूला)
इतिहास एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, कुरुक्षेत्र
के सौजन्य से
राज्य स्तरीय प्रदर्शनी
22-23 जनवरी 2025
युग-युगों से हरियाणा
आयोजक : इतिहास विभाग
बनवारी लाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय, तोशाम
BLJS COLLEGE


महाविद्यालय कुलगीत



